कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक - डी0 आई0 सी0/2024/1224, दिनांक - 27 अगस्त, 2024

सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश से वंछित अभ्यर्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उपरोक्त कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पंजीकरण हेतु समर्थ पोर्टल दिनांक 27 अगस्त, 2024 से 05 सितम्बर, 2024 तक खोला जा रहा है। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि -

1. जिन अभ्यर्थियों द्वारा वर्तमान तिथि तक प्रवेश हेतु पंजीकरण नहीं कराया गया है वे निम्नांकित लिंक के माध्यम से पंजीकरण करना सुनिश्चित करें एवं दिनांक 27 अगस्त, 2024 से 05 सितम्बर, 2024 के मध्य अनिवार्य रूप से आवेदित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में जाकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करवायें -

   स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवशे पंजीकरण हेतु लिंक - https://ukadmission.samarth.ac.in/

   स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवशे पंजीकरण हेतु लिंक - https://ukpgadmission.samarth.ac.in/
2. यदि विद्यार्थी द्वारा पूर्व में पंजीकरण करवा लिया गया है तो वे पंजीकरण फार्म को लेकर महाविद्यालय पहुँचकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।
3. महाविद्यालय द्वारा प्रवेश अनुमोदन के उपरान्त अनिवार्य रूप से दिनांक 10 सितम्बर, 2024 तक प्रवेश शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

I/c कुलसचिव 27/8/24

पृष्ठांकन सं0 - डी0 आई0 सी0/2024/1224, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 28 अगस्त, 2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि - निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

- समन्वयक प्रवेश, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- निदेशक/प्राचार्य, समस्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को अपने स्तर से विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।
- समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- प्रभारी, ई0 आर0 पी0, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करेंगे।
- निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

I/c कुलसचिव 27/8/24